मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 256
18 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

पटना में मेट्रो रेल परियोजना

256. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पटना में मेट्रो रेल के निर्माण की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पटना में मेट्रो रेल चलाने के लिए सरकार ने कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) इस वित्तीय वर्ष में मेट्रो रेल के निर्माण के लिए आबंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

<u>विवरण</u>

पटना में मेट्रो रेल परियोजना के संबंध में दिनांक 18 मार्च, 2020 के लिए श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *256 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

*****

(क) से (ग): भारत सरकार ने 13,365.77 करोड़ रु. की कुल पूर्णता लागत और 5 वर्षों की परियोजना पूर्णता अवधि के साथ फरवरी, 2019 में पटना मेट्रो रेल परियोजना स्वीकृत की है। इस परियोजना में 31.39 कि.मी. की कुल लम्बाई के दो कॉरिडोरों अर्थात दानापुर से मीठापुर और पटना रेलवे स्टेशन से न्यू आईएसबीटी का निर्माण करने की परिकल्पना की गई है। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसी) ने सितंबर, 2019 में डिपाजिट टर्म के आधार पर परियोजना के निष्पादन के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. (डीएमआरसी) के साथ समझौता किया है। डीएमआरसी ने प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया है।

(घ): वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण के लिए केंद्रीय सहायता में से इक्विटी के रूप में 50 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।

*****